कार्यक्रम | जिले में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस, ढीमरखेड़ा में आयोजित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

# जनजातीय समाज का मूल अधिकार है जल, जंगल और जमीन



**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को देश के समक्ष लाने का अभियान चलाया है। आज पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि के गौरव और सम्मान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सबके लिए मार्गदर्शक है और हम उन्हें हृदय से स्मरण और नमन करते हैं। यह बात धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य पर शनिवार को जिले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहीं। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम में दिए संबोधन को वर्चुअली देखा और सुना। विधायक ने कहा है कि जल, जंगल और जमीन का अधिकार जनजातीय समाज का मूल अधिकार है। इसे अंग्रेज उनसे छीनना चाहते थे। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार, अनाचार के खिलाफ जनजातीय समाज को खड़ा किया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष व्यर्थ नहीं जाए, इसलिए उनके आदर्शों का अनुसरण करना होगा। विधायक ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान और समग्र विकास के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि मातृ भूमि की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा का समर्पण भाव नमन योग्य है। जिला पंचायत की सीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन मात्र 25 साल का रहा और इतनी कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ मुहिम चलाई। वे साहस के प्रतीक रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि कहा कि उनके जीवन से सीखें, आगे बढ़ें और प्रकृति को बचाएं। कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बरगवां की छात्राओं ने करमा नृत्य और अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास ढीमरखेड़ा की छात्राओं ने मनमोहक आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान दो हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजनांतर्गत ऋण राशि प्रदान की गई। इसके अलावा मेधावी छात्रों और लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विकासखंड ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की लगी प्रदर्शनी लोगों के जनाकर्षण का केंद्र रही । प्रदर्शनी में महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रदर्शन स्टाल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के लगे स्टाल पर 166 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण 41 का हीमोग्लोबिन जांच और 61 सिकल सेल परीक्षण कर नि: शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय और दुर्गा पारस पटेल, अटल वाजपेयी सहित महेन्द्र कोरी, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल, पर्यावरणविद् निर्भय सिंह की उपथित रही।




## रैन बसेरा का मेयर ने किया निरीक्षण

**सर्दी से बचाव के सभी आवश्यक प्रबंध रहें**

**नवभारत, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास, सुरक्षा, स्वच्छता, बिस्तर, पेयजल, भोजन व्यवस्था और सर्दी से बचाव के सभी आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। महापौर ने आश्रय स्थल में रुके हुए निराश्रितों से सीधा संवाद कर उनकी सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उपस्थित लोगों द्वारा दिए गए सुझावों पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर में कोई भी निराश्रित खुले आसमान के नीचे रात बिताने के लिए मजबूर नहीं हो। उन्होंने रैन बसेरा की नि:शुल्क सुविधाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने को कहा, ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें।

### एक नजर में

## शहर की सड़कों से हटाए गए आवारा मवेशी

**नवभारत, कटनी।** नगर में सड़क सुरक्षा और यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण के लिए हांका टीम की कार्रवाई तेज कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों मिशन चौक, कटाए घाट रोड, दुगड़ी नाला से कार्यालय कलेक्ट्रेट मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में निगम की हांका टीम द्वारा अभियान चलाकर सड़क पर घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों में अचानक सड़कों पर आ जाने वाले मवेशियों के कारण वाहन चालकों को परेशानी के साथ हादसे की संभावना भी बनी रहती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा सख्त रूख अपनाते हुए नियमित गश्त और तत्काल कार्रवाई की व्यवस्था की गई है । जिससे यातायात बाधित नहीं हो और नागरिकों को सुरक्षित मार्ग भी मिल सके। उन्होंने बताया कि मवेशियों को खुला छोड़ने वाले लोगों पर भी आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही नागरिकों से सहयोग के लिए कहा गया है। मवेशी मालिकों को बांधकर रखने के कहा गया है। नगर निगम की हांका टीम क्षरा अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाया जा रहा है।

## नरवाई जलाने पर किसान के खिलाफ एफआईआर

**पटवारी की शिकायत पर बाकल थाने में दर्ज किया गया मामला**



**नवभारत, बाकल।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिले में अवशेष नरवाई जलाने पर जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने के मामले में बाकल थाने में एफआईआर दर्ज की गई। ग्राम पंचायत इमलिया के कोटवार अयोध्या प्रसाद ने पटवारी हल्का नंबर-2 बिपिन पटेल द्वारा तैयार किए गए प्रतिवेदन और पंचनामा के आधार पर आवेदन थाना में प्रस्तुत किया था। आवेदन में ग्राम सकरवारा निवासी सुदर्शन पिता रत्तू पर खेत में नरवाई जलाने का आरोप लगाया गया। इस पर प्रशासनिक आदेशों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए बाकल पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। सैटेलाइट मैपिंग रिपोर्ट के आधार पर ग्राम सकरवारा, पटवारी हल्का नंबर दो 2 के खसरा नंबर 57, रकबा 3.48 हेक्टेयर वाले क्षेत्र की जांच कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी और कोटवार द्वारा की गई। जांच में पाया गया कि कुल रकबे में से 0.48 हेक्टेयर क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटना हुई है। खसरा भूमि बतसिया पिता रत्तू के नाम दर्ज है, लेकिन उक्त 0.48 हेक्टेयर भूमि पर कृषि कार्य उसका पुत्र सुदर्शन करता है। मौके पर अधिकारियों ने पुष्टि की कि धान की फसल कटाई के बाद सुदर्शन द्वारा नरवाई में आग लगाई गई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

## कचरे के प्रकारों और सोर्स सेग्रीगेशन की दी जानकारी

**नवभारत, कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा शनिवार को वार्ड क्रमांक 28 में डोर-टू-डोर कलेक्शन और सेग्रीगेशन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने वार्डवासियों को प्रेरित किया कि वे अपने घर का गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखें। नगर निगम के कचरा वाहन के आने पर निर्धारित बॉक्स में ही कचरा डालें। गीले कचरे के तहत सब्ज़ी, फल, भोजन अवशेष ओर सूखा कचरा अंतर्गत प्लास्टिक, कागज़, धातु, बोतलें की जानकारी दी गई। वहीं जैव अपशिष्ट सेनेटरी पैड डायपर के साथ ही घरेलू हानिकारक कचरा बैटरी, बल्ब, ट्यूब लाइट के संबंध में भी बताया गया।

## शिविर में सेंट्रल बैंक ने ऋण स्वीकृत कर दिए प्रमाणपत्र

**सेंट्रल बैंक द्वारा आयोजित किया ग्राहक मिलन समारोह**



**नवभारत, बाकल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर क्षेत्र द्वारा कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कटनी में क्षेत्र स्तरीय कृषि ऋण आउटरीच शिविर और ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन 14 नवंबर को होटल अरिंदम सहित जिले की सभी शाखाओं में किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में किसानों, स्वयं सहायता समूहों, कृषि प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य कृषि और उससे जुड़े विभिन्न व्यवसायों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना, लाभार्थियों को उपलब्ध ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने सेंट कोल्ड स्टोरेज योजना, सेंट फूड प्रोसेसिंग योजना, पोल्ट्री फॉर्मिंग, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान साथी, संबद्ध कृषि वित्त, कृषि बुनियादी वित्त जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यालय से डीजीएम रोहित कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख जबलपुर अविनाश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों और उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारयिों ने ग्राहकों को आकर्षक और सरल वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा भी दोहराया।

## मोबाइल नहीं दिलाने पर नाराज होकर दिल्ली चली गई थी नाबालिग

**बहोरीबंद से लापता नाबालिग को दस्यताव कर परिजनों को सौंपा**



**नवभारत, बहोरीबंद।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत क्षेत्र से घर से बिना बताए लापता हुई एक नाबालिग बालिका की पुलिस ने खोजबीन कर उसे उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि मुख्यमंत्री की मशांनुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य रूप से गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने बताया कि 22 अक्टूबर 2025 को बहोरीबंद थाना क्षेत्र से एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से बगैर बताए लापता हो गई थी, जिसकी शिकायत उसके परिजनों पुलिस थाने में की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात अपहरणकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर नाबालिग बालिका की खोजबीन शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि लापता नाबालिग बालिका दिल्ली में है। जिसके बाद पुलिस टीम ने दिल्ली से नाबालिग बालिका सुरक्षित वापस लाकर उसके परिजनों को सौंप दिया। नाबालिग ने पुलिस बताया कि उसके परिजन उसे मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं दे रहे थे, जिसकी वजह से नाराज होकर रूपए कमाने के लिए चली गई थी। नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा वापस लाने पर उसके परिजनों ने पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्रवाई में बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया और उनकी टीम की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है।

## ढाबे से जब्त की गई शराब

**नवभारत, कटनी।** जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम निटर्रा, करहिया, बिलहरी, मतवारी में दबिश दी गई। इस दौरान 15 पाव देशी शराब, दो लीटर हाथ भट्टी याराब, 195 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया।



**आम सूचना**

मेसर्स अतिशा कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड, लेटेराइट एवं ऑकर डिपोजिट माइंस, ग्राम सरौली, रकवा 4.69 हे. तह. सिहोरा, जिला जबलपुर को पर्यावरण स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित स्टेट लेबल इनवायरोमेंट इम्पेक्ट असिसमेंट ऑथोरिटी के EC Identification No. EC25B0108MP5226276N दिनांक 12/11/2025 द्वारा प्राप्त हो चुकी है । इसकी प्रति म.प्र. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्टेट लेबल एनवायरोमेंट इम्पेक्ट असेस्मेंट ऑथोरिटी (SEIAA) की बेवसाइट www.mpseiaa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

भवदीय प्राधिकृत हस्ताक्षर
मेसर्स अतिशा कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड,
लेटेराइट एवं ऑकर डिपोजिट माइंस
ग्राम सरौली, तह. सिहोरा, जिला जबलपुर


## खेत की रखवाली कर रहे पति-पत्नी की अज्ञात हमलावरों ने की हत्या

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, हत्यारों की तलाश शुरू**



**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत सुनहरा गांव शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात खेत में रहकर कृषि कार्य करने वाले पति-पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। दोनों के लहुलुहान शव को शनिवार सुबह ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वारदात स्थल पर डॉग स्क्वॉड, एफएसएल टीम भी पुहंची। पुलिस टीम ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बिजौरी गांव निवासी लल्लूराम कुशवाहा (40) और उसकी पत्नी प्रभा कुशवाहा (35) अपनी 13 वर्षीय बेटी के साथ सुनहरा गांव निवासी संत कुमार श्रीवास के खेत की रखवाली और कृषि कार्य करते थे।


शनिवार सुबह लल्लूराम कुशवाहा और प्रभा कुशवाहा की मृत हालत में मिले। ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना पर पुलिस को दी। जिसके बाद वारदात स्थल पर पहुंची पुलिस टीम पहुंची। दोनों के शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों पर मामला दर्ज कर लिया है।

मामले की विवेचना की जा रही है। अज्ञात हत्यारों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल हत्यारों के संबंध में पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है। पति-पत्नी की बेरहमी से की गई हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

## छात्रवृति के लिए करें आवेदन

**नवभारत, कटनी।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि रिक्त 17 सीट के विरूद्ध योजना नियम और प्रावधानों के तहत पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए आगामी 19 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में पात्र विद्यार्थियों से विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के लिए समय सीमा में आवेदन करने के लिए कहा गया है।


ॐ शांति ! शोक-संदेश ॐ शांति !



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे ज्येष्ठ भ्राता जी
**श्री कमलेश दीक्षित**
का देवलोक गमन दिनांक 05 नवम्बर 2025 दिन बुधवार को हो गया है ।
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार हैं :-

**रविवार,16 नवमबर 2025**
**श्रृद्धाजंली सभा**
**समय : 4.30 बजे 6 बजे तक**

कार्यक्रम स्थल :
सिंधु भवन, वीनस होटल के पास, नई बस्ती, कटनी

शोकाकुल :
राजेश दीक्षित(एडवोकेट), प्रेमप्रकाश दीक्षित, अभिलाष दीक्षित (भाई)
आशुतोष दीक्षित (मनु), पारितोष दीक्षित (तनु)
एवं समस्त दीक्षित परिवार


आयोजन | दद्दा धाम बना अध्यात्म और अस्था का विशाल तीर्थस्थल, प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा जनसैलाब

# दद्दा धाम में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दिव्यता से भरा रहा पूरा वातावरण




**नवभारत, कटनी।** शहर के झिंझरी स्थित दद्दा धाम में संपन्न पूज्य गृहस्थ संत परम् पूज्य गुरुदेव पंडित श्री देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' की विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय महोत्सव भक्तिभाव का ऐसा अद्वितीय पर्व बन गया, जिसने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। देश के कोने-कोने से उमड़े श्रद्धालुओं के अथाह सागर ने इस आयोजन को एक अलौकिक आध्यात्मिक उत्सव का रूप दे दिया।

दद्दाजी की वाणी और उपदेशों के प्रति अटूट आस्था ही वह धागा थी, जिसने महोत्सव के पांच दिनों में पहुंचे लगभग 7 लाख श्रद्धालुओं को एक ही भाव-धारा में पिरोए रखा। केवल अंतिम दिन ही करीब 1.35 लाख भक्तों का जनसागर उमड़ पड़ा, जिससे यह आयोजन क्षेत्र के सबसे विराट आध्यात्मिक समागमों में दर्ज हो गया। विशालता, उल्लास और गहन भक्ति से गूँजते इस पर्व में मंदिर परिसर मंत्रोच्चार और भाव-विभोर श्रद्धा से भर उठा। यह वे क्षण थे जिनकी प्रतीक्षा दद्दाजी के भक्त बरसों से कर रहे थे, और जिन्होंने उनकी आस्था को एक अविस्मरणीय दिव्यता में रूपांतरित कर दिया।

अभूतपूर्व जनसमर्थन के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए महोत्सव के मुख्य आयोजक, दद्दाजी मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक और दद्दाजी के अनन्य भक्त श्री संजय सत्येंद्र पाठक ने कटनी की जनता, स्थानीय प्रशासन, संतसमाज और प्रत्येक श्रद्धालु को इस ऐतिहासिक महोत्सव को सफल बनाने में उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित किया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, गोविंद सिंह राजपूत सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने दद्दाजी के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा प्रकट करते हुए कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की। संजय सत्येंद्र पाठक ने विशेष रूप से प्रशासन और पुलिस विभाग के उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की, जिन्होंने पूरे मन, परिश्रम और निष्ठा से इस विराट आयोजन को निर्विघ्न और सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'दद्दाजी की शिक्षाओं के प्रति लोगों की अटूट आस्था महोत्सव के हर पल, हर दृश्य और हर भाव में झलक रही थी।' उन्होंने यह घोषणा भी की कि अब प्रतिवर्ष प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर इसी भव्यता और उत्साह के साथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान दद्दा धाम एक जीवंत और दिव्य आध्यात्मिक केंद्र में परिवर्तित हो गया। इस पावन अवसर पर 20 से अधिक पूज्य संत और अध्यात्मिक गुरु उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा और भक्ति-भाव को और ऊंचाई दी।


**धर्मलोक हॉस्पिटल**
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



**डॉ.राजेश बत्रा**
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



**डॉ.हर्षा बत्रा**
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024